**आकाशवाणी शिमला**
**14.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

## इंडिया विमान– आईएमए

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या दो सौ 54 हो गई है। विमान में कुल 242 लोग सवार थे, जिनमें भारत के 169, ब्रिटेन के 53, पुर्तगाल के सात और कनाडा का एक नागरिक था। विमान में चालक दल के 12 सदस्य भी थे। दुर्घटना में भारतीय मूल का केवल एक ब्रिटिश नागरिक ही जीवित बच पाया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के गुजरात प्रदेश अध्यक्ष मेहुल शाह ने चार मेडिकल छात्रों और एक डॉक्टर की पत्नी की मौत की पुष्टि की है। दुर्घटना में आस पास के रिहायशी क्षेत्रों के आठ शवों की पहचान कर ली गई है और शव उनके परिजनों को सौंप दिये गये हैं। डीएनए जांच के लिए मृतकों के रिश्तेदारों के रक्त के नमूने एकत्र किए गए हैं। वर्तमान में, सिविल अस्पताल में 31 लोगों का इलाज जारी है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की टीम ने दुर्घटना स्थल से विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया है। अधिकारियों ने कहा है कि विस्तृत जांच के बाद दुर्घटना के कारणों का पता लग पायेगा।

## एयर इंडिया दुर्घटना समिति

केंद्र सरकार ने एक उच्चस्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की है, जो बृहस्पतिवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई–171 के दुर्घटना के कारणों की जांच करेगी। नागर विमानन मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह समिति मौजूदा मानक संचालन प्रक्रिया और ऐसी घटनाओं को रोकने व निपटने के लिए जारी दिशा–निर्देशों की जांच करेगी। समिति, भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से निपटने के लिए व्यापक दिशा–निर्देश का सुझाव भी देगी। सरकार ने कहा है कि यह समिति विभिन्न संस्थाओं द्वारा की जा रही जांच से अलग होगी और ऐसी घटनाओं से निपटने लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने पर ध्यान देगी।

## फिन्ना सिंह परियोजना

केंद्र सरकार ने कांगड़ा ज़िले की बहु प्रतीक्षित फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना के लिए 55 करोड़ 51 लाख रुपये की राशि जारी कर दी है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत ये राशि जारी की गई है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता...........

***प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत ये राशि जारी की गई है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और संबधित विभागों के साथ निरंतर वार्ता के फलस्वरूप ये राशि मिली है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा ज़िले के किसानों के लिए ये परियोजना आशा की किरण बनकर सामने आई है और इससे हजारों हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी।***

***आकाशवाणी समाचार के लिए मैं योगराज शर्मा***

## आयुष मंत्रालय

आयुष मंत्रालय आज नई दिल्ली में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित हाइब्रिड वैश्विक शिखर सम्मेलन–योग कनेक्ट का आयोजन करेगा। यह सम्मेलन 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें विश्व के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय योग संस्थानों और स्वास्थ्य समुदायों के सहभागी भी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन में बहरीन, अमरीका, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया सहित चार से अधिक देशों के विशेषज्ञ भी भाग लेंगे।

## विश्व रक्तदाता दिवस

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। हर साल 14 जून को रक्तदान से लोगों की जान बचाने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसे मनाया जाता है। इस वर्ष, विश्व रक्तदाता दिवस का विषय है – **रक्त दें, आशा दें: साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं**। यह थीम रक्तदाताओं के जीवन–परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालती है, समुदाय और एकता का सम्मान करती है, और नए और नियमित रक्तदाताओं दोनों को जीवन बचाने में मदद करने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश भर में विभिन्न रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

## नीट

मैडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नैशनल ऐलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टैस्ट–नीट यूजी का परिणाम आज जारी किया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षण एंजैसी–एन.टी.ए. के अनुसार न्यायालय से कुछ छात्रों का परिणाम रोकने और शेष का जारी करने की अनुमति मिलने के बाद नतीजे आज तय समय पर ही जारी किए जाएंगे।

## मौसम

प्रदेश के अधिकाश भागों में आज मौसम साफ है। पिछले कुछ दिनों से राज्य के मैदानी जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। हालांकि कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर वर्षा होने से लोगों को बढ़ती गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने 15 जून तक प्रदेश के मैदानी इलाकों में **लू** का प्रकोप जारी रहने की संभावना जताई है, जबकि इस दौरान कुछ क्षेत्रों में तेज आंधी–तूफान के बीच ओलावृष्टि की चेतावनी भी दी गई है। प्रदेश में बढ़ती गर्मी को देखते हुए राज्य के कई ग्रीष्मकालीन स्कूलों की समय सारणी में बदलाव किया है। हमीरपुर जिला के उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय सारिणी में बदलाव किया गया है।

***हमीरपुर जिला के विभिन्न क्षेत्रों में जो तापमान है लगभग 40 डिग्री को टच कर रहा है और इससे एक्सिड भी कर गया है और इसके देखते हुए गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है और पैरिटम मिल रहे थे और उनकी तरफ से रिप्रजेंटेशन आई डिमाड आई कि जो स्कूल के बच्चों की टाईमिंग थोड़ी अर्ली किया जाए और प्रारम्भिक स्कूल है पहली से आठवीं तक के स्कूल है उनमें बच्चों के आने का समय स्कूल का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर एक बजे निर्धारित करने का हमने ऑडर इशू किया है।***

————————